प्रेस नोट-जनपद कन्नौज
दिनाँक-06.06.2026

सर्विलांस टीम द्वारा खोए हुए 121 मोबाइल (अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रूपये) बरामद कर उनके मालिकों को सुपुर्द किये गये ।

आज दिनांक 06.06.2026 को पुलिस अधीक्षक जनपद कन्नौज विनोद कुमार द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जनपदीय सर्विलांस टीम द्वारा जनपद कन्नौज में खोए हुए 121 मोबाइल फोनों को CEIR पोर्टल के माध्यम से बरामद किया गया, बरामद मोबाइलों को पुलिस अधीक्षक कन्नौज विनोद कुमार द्वारा सम्बन्धित मोबाइल धारकों को सौंपा गया। मोबाइल धारकों द्वारा अपना खोया हुआ मोबाइल फोन वापस पाकर अत्यन्त प्रसन्नता जाहिर करते हुए कन्नौज पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। मोबाइल धारकों द्वारा बताया गया कि उन्हें विश्वास नहीं था कि उन्हें अपना खोया हुआ मोबाइल वापस मिल जायेगा किन्तु पुलिस द्वारा किये सराहनीय प्रयासों से उनका खोया हुआ फोन वापस मिल सका है।

मोबाइल धारकों को सचेत करते हुये पुलिस अधीक्षक कन्नौज विनोद कुमार द्वारा मोबाइल मिसिंग की ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया CEIR (Central Equipment Identity Register) पोर्टल के विषय में बताया गया कि भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा संचालित इस पोर्टल के माध्यम से आप अपना मोबाइल खो जाने की स्थिति में सर्वप्रथम UP COP APP के माध्यम से /सम्बन्धित थाने पर जाकर अपनी शिकायत दर्ज करानी होती है, इसके पश्चात शिकायती प्रार्थना पत्र को अपने पहचान पत्र व मोबाइल बिल के साथ CEIR पोर्टल की वेबसाइट (www.ceir.gov.in) पर जाकर गुम/चोरी हुये मोबाइल को ब्लाक करने के लिए अनुरोध करना होता है।

बरामदगी करने वाली टीम –

1. निरीक्षक त्रदीप सिंह प्रभारी सर्विलांस
2. हे0का0 अजय सिंह
3. का0 शिवराज यादव
4. का0 शुभम कुमार
5. का0 दीपक गुर्जर
6. का0 शुभम बालियान
7. का0 अभिषेक

प्रेस वार्ता
सर्विलांस टीम कन्नौज द्वारा
खोजे हुए 121 मोबाइल बरामद
121
₹25 लाख
06-06-2026